# वाणिज्य में स्नातक (जनरल)
# बी. कॉम (जी.)

## चयन आधारित क्रेडिट प्रणाली

### बी. सी. ओ. सी. -135: कंपनी विधि

सत्रीय कार्य
**2023–24**

जाँच सत्रीय कार्य की अवधि - 1st जुलाई 2024 से 30th जून 2025

तृतीय सत्र

प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली –**1100 68**

**वाणिज्य में स्नातक जनरल (बी. कॉम. जी.)**

चयन आधारित क्रेडिट प्रणाली

# बी. सी. ओ. सी. -135: कंपनी विधि

**सत्रीय कार्य 2024–25**

प्रिय छात्र / छात्राओं,

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में स्पष्ट किया गया है, इस सत्रीय कार्य को तीन खंडों में विभाजित किया गया है। तीनों खंड अनिवार्य हैं।

अंतिम परीक्षा में सत्रीय कार्य के लिए 30% अंक निर्धारित हैं। सत्रांत परीक्षा में बैठने योग्य होने के लिए यह आवश्यक है कि समय सूची के अनुसार आप इस सत्रीय कार्य को पूरा करके भेज दें। सत्रीय कार्य को करने से पहले आपको चाहिए कि कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें, जिसे आपके पास अलग से भेजा गया है।

1. वे छात्र जो दिसम्बर 2024 की सत्रांत परीक्षा में उपस्थित हो रहे हैं। वे 15 अक्टूबर 2024 तक जमा करवायें।
2. वे छात्र जो जून 2025 के सत्रांत परीक्षा में उपस्थित हो रहे हैं, उन्हें 15 मार्च 2025 तक जमा करवाना होगा।

आपको सभी पाठ्यक्रमों के सत्रीय कार्य को अपने अध्ययन केंद्र के समन्वयक को प्रस्तुत करना होगा।

## अध्यापक जांच सत्रीय कार्य

| | | |
|---|---|---|
| **पाठ्यक्रम का कोड** | : | **बी. सी. ओ. सी. -135** |
| **पाठ्यक्रम का शीर्षक** | : | **कंपनी विधि** |
| **सत्रीय कार्य का कोड** | : | **बी.सी.ओ.सी.-135/टी. एम. ए./2024 - 25** |
| **खण्डों की संख्या** | : | **सभी खण्ड** |

**अधिकतम अंक : 100**

**सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**खण्ड – क (सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न 10 अंक के हैं)**

**1.** नियंत्रक कम्पनी और नियंत्रित कम्पनी में भेद कीजिए। किसी कम्पनी को दूसरी कम्पनी की नियत्रित कम्पनी कब कहा जा सकता है ? उदाहरण दीजिए। (10)

**2.** प्रारंभिक अनुबन्धों से आप क्या समझते हैं? चर्चा कीजिए क) प्रारंभिक अनुबन्धों के सम्बन्ध में कम्पनी की स्थिति तथा ख) प्रारंभिक अनुबन्धों के लिए प्रवर्तक के दायित्व। (10)

**3.** "निगमन का प्रमाण-पत्र इस बात का निश्चायक प्रमाण है कि कम्पनी अधिनियम द्वारा निर्धारित कम्पनी के निर्माण सम्बन्धी सभी आवश्यकताएं पूरी कर ली गई है" स्पष्ट कीजिए। (10)

**4.** अन्तर्नियम के कानूनी प्रभाव स्पष्ट कीजिए। वे बाहरी व्यक्तियों पर किस सीमा तक लागू होते हैं? (10)

**5.** शेयरों को जब्त करने की विधि की व्याख्या कीजिए। जब्ती का क्या प्रभाव होता है? शेयरों की ज़ब्ती शेयरों के अभ्यर्पण से किस प्रकार भिन्न होती है ? (10)

**खण्ड – ख (सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न 6अंक के हैं)**

**6.** ऑडिटर की रिपोर्ट कब दी जाती है? ऑडिटर की रिपोर्ट में क्या जानकारी दी जाती है ? (6)

**7.** कंपनी के समापन होने से आप क्या समझते हैं? यह कंपनी के विघटन से किस प्रकार अलग है? (6)

**8.** निदेशकों का कम्पनी के प्रति तथा तीसरे पक्षकारों के प्रति दायित्व को स्पष्ट कीजिए। क्या निदेशक को आपराधिक दायित्व के लिए उत्तरदायी ठहराया जा सकता है ? (6)

**9.** प्रतिभूतियों के प्राइवेट प्लेसमेंट से आप क्या समझते हैं। शेयरों के प्राईवेट प्लेसमेंट की शर्तों की चर्चा कीजिए। (6)

**10.** साधारण शेयर जिन के लाभांश, मतदान और दूसरे विभिन्न प्रकार के अधिकार होते हैं उन पर टिप्पणी लिखिए। क्या कम्पनी गैर मतदान शेयर जारी कर सकती है ? (6)

**खण्ड – ग (सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न 5 अंक के हैं)**

**11.** नेशनल कुम्पनी विधि अधिकरण की शक्तियों और क्षेत्राधिकार का वर्णन कीजिए। (5)

**12.** सीमा नियम का उद्देश्य क्या हैं ? (5)

**13.** "सचिव किसी कंपनी के निदेशकों और शेयरधारकों के बीच एक कड़ी है।" व्याख्या कीजिए। (5)

**14.** समापक के न्यायोचित एवं सम्यक् आधार बताइए। (5)